राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1413
07 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) की विपणन नीति

1413. श्रीमती शशिकला पुष्पाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) बाजार में अपेक्षाकृत अधिक हिस्सेदारी प्राप्त करने को ध्यान में रखते हुए नई विपणन नीति लागू करने का विचार रखता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (ग): संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा दिए गए घरेलू खपत आंकडों के अनुसार अप्रैल-दिसम्बर, 2017 के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की बाजार में हिस्सेदारी 14.9 प्रतिशत थी। सेल की विपणन नीति अन्य बातों के साथ-साथ राजस्व को बढ़ाने और माल-सूची को कम करने पर केन्द्रित है। इस दिशा में समय-समय पर कार्यनीतियाँ बनाई जाती हैं और इस संबंध में पहलें की जाती हैं। उत्पादन में वृद्धि के साथ, सेल अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहा है।

*****